काश कोई अनहोनी घटना घट जाती तो जिम्मेदार कौन होता

करौली। (नि.स.) दीपावली के त्योहार पर इस वर्ष जिला मुख्यालय स्थित भीड़ भरे बाजार में अवैध रूप से आतिशबाजी के सामान की वेरोकटोक खुलेआम बिक्री होने से शहर में अनहोनी घटना होने का भय व्याप्त बना रहा गनीमत यह रही की कोई हादसा नहीं घटा। जिला मुख्यालय स्थित शहर में दीपावली के त्यौहार के अवसर पर पिछले लंबे समय से आतिशबाजी के सामान की बिक्री के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्थान चिन्हित कर लाइसेंस दिए जाते आ रहे हैं इसी कड़ी में इस वर्ष भी प्रशासन द्वारा यहां के माथुर स्टेडियम और जैन नसिया स्थान को चिन्हित कर आतिशबाजी के सामान की बिक्री के लिए करीब चार दर्जन दुकानों के लिए लाइसेंस जारी किए गए और प्रशासन की ओर चिन्हित स्थान के अलावा अन्य स्थानों पर आतिशबाजी के सामान की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया था लेकिन इस वर्ष यहां प्रशासन की अनदेखी के चलते शहर में ठेलों पर रख कर भीड़ भरे बाजारो में अवैध रूप से आतिशबाजी के सामान कि बिक्री जोरों से रही जिस अवैध बिक्री के चलते शहर में आतिशबाजी के सामान से अनहोनी होने का भय बना रहा इस बात की लोगों में चर्चा ही नहीं भय बना रहा और चर्चा रही।

संस्था अध्यक्ष का कार्यकाल एक साल के लिए फिर बढाया

करौली। जिला मुख्यालय स्थित माली समाज के महात्मा ज्योतिबा फूले विकास संस्थान छात्रावास परिसर में संस्था में चल निर्माण कार्य एवं राशि एकत्रित करने एवं संस्था के कार्यकाल पूर्ण होने पर चुनाव को लेकर संस्था अध्यक्ष प्रेमसिंह माली की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कि गई।

बैठक में छात्रावास में चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई इस दौरान संस्था के चुनाव को लेकर चर्चा करते हुए उपस्थित सदस्यों ने वर्तमान समिति अध्यक्ष का कार्यकाल एक साल बढ़ाने का निर्णय लिया गया। महात्मा ज्योतिबा फूले विकास संस्थान के अध्यक्ष प्रेमसिंह माली ने कहां कि समाज ने जो जिम्मेदारी दी उसकी समस्त टीम के द्वारा बखूबी निभाया जा रहा है और आगे भी निभाने का प्रयास किया जाएगा छात्रावास परिसर में लाइब्रेरी, स्टेज,मैस,सभा हॉल का निर्माण कार्य प्रगति पर है इसके लिए भामाशाहों के आगे आने की आवश्यकता है समाज बढ़-चढ़कर

करौली में महात्मा ज्योतिबा फुले विकास समिति कि बैठक को अध्यक्ष प्रेम सिंह माली ने संबोधित किया।

श्रमदान और आर्थिक सहयोग प्रदान कर छात्रावास के निर्माण कार्यों में अपना सहयोग कर पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें उन्होंने कहा कि यहां आर्थिक सहयोग देने वाले भामाशाह के साथ श्रमदान करने वाले व्यक्ति का नाम भी विशेष रूप से छात्रावास विकास के इतिहास में लिखा जा रहा है। बैठक के प्रारंभ में संस्था सचिव रामगोपाल माली के द्वारा संस्था के लेखा-जोखा एवं वर्तमान स्थिति से सदन को अवगत कराया गया। इससे पूर्व बैठक को कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष तुलसीराम सैनी,पूर्व जिला अध्यक्ष मोहरसिंह सैनी,रामनिवास सैनी,संस्थान सदस्य पन्नू सिंह माली,रामसिंह मेंबर,गोपाल लाल माली ,धर्मी ,अमरसिंह,रूपसिंह

- **कार्यकाल पूर्ण होने पर चुनाव को लेकर संस्था अध्यक्ष प्रेमसिंह माली की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कि गई**

ड्राइवर,रंगलाल सैनी बंटी सैनी,रामजीलाल खूबनगर, डगंसरा अध्यक्ष श्रीलाल पटेल,हरिचरण पटेल आदि सदस्यों ने अपने विचार रखते हुए छात्रावास में चल रहे निर्माण कार्य को गति देने के लिए समाज से राशि एकत्रित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही संस्था का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य ओमप्रकाश कुशवाहा, बाबूलाल भगत,किरोड़ी माली, भवरसिंह, पूर्व अध्यक्ष भंवर माली, रामगोपाल, बनेसिंह कुशवाहा, शिवचरण,भीमसिंह,राधेश्याम आदि सहित समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

राजस्थान निर्माण मजदूर महासंघ का अधिवेशन भरतपुर में हुआ

भरतपुर (निस)। निर्माण श्रमिकों की राज्यव्यापी समस्याओं के निराकरण हेतु राज्यव्यापी सम्मेलन भरतपुर में सम्पन्न हुआ। राजस्थान निर्माण श्रमिक महासंघ का राज्यव्यापी अधिवेशन भरतपुर में लवाजाम के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथियों में सुभाष गर्ग विधायक भरतपुर,प्रधान प्रतिनिधि कुम्हेर प्रताप सिंह, पूर्व सांसद राम किशन शर्मा, महासंघ प्रदेशाध्या शबनम बानौ, महामंत्री नवल सिंह, मनोज चौधरी, उपाध्यक्ष महेश चन्द्र कटारा, महेश चन्द्र कोषाध्यक्ष नवीन आचार्य, बीकानेर संभाग अध्यक्ष अशोक कच्छावा, भरतपुर संभाग अध्यक्ष सत्यदेव आर्य, नागौर जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह,डीग जिलाध्यक्ष कण सिंह, अलवर जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा, सवाई माधोपुर जिलाध्यक्ष मोहन बना, करौली जिलाध्यक्ष भगवान सिंह, भरतपुर जिलाध्यक्ष नबी रसूल, नागौर उपाध्यक्ष बिस्मिल्लाह, रामवीर सिंह, दिनेश सूपा, दयाचंद पंचोरी, मास्टर रिषि पाल, पुष्पेन्द्र भारद्वाज सहित कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर, मिठन सिंह, रामबाबू, हरिकिशन जाट, सोने बघेल, राजवीर सिंह, दिनेश चंद, रेवन्त राम, गणपत राम, अजीत सिंह, जाकिर हुसैन, लेखराज, जुगल बिहारी, गौरीशंकर सहित उपस्थित रहे। मंचासीन अतिथियों ने मंच से निर्माण श्रमिकों को आ ान करते हुए कहा कि पुरे विश्व में बदलाव की बयार है। इस बदलाव की बयार में हमें एकजुटता का परिचय देते हुए एक शुर ताल में आगे बढना होगा तभी निर्माण श्रमिकों की संविधानसम्मत मागें मानी जायेगी। कार्यक्रम के अंत में प्रदेशाध्यक्ष शबनम बानौ उपस्थित निर्माण श्रमिकों व अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में योगेश सिंघल, सुरेश पदयात्री, शाहिद खान व चंद्रकांत शर्मा सहित काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विद्या सागर शर्मा ने किया।

अन्तर्राष्ट्रीय बायोस्फीयर रिजर्व दिवस मनाया

भरतपुर,(निस)। प्रकृति, पर्यावरण और पृथ्वी हमारे जीवन का आधार हैं तथा आधुनिक और विकसित मानव अपने ही जीवन के आधार को तेजी से नष्ट कर रहा है। यह ठीक उसी प्रकार है कि आप पेड की जिस डाल पर बैठे हैं, उसी डाल को काटना। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर ऑनलाइन अन्तर्राष्ट्रीय बायोस्फीयर रिजर्व दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ उदय भान सिंह ने कहा कि मानव की बढती जनसंख्या की बढती आवश्यकताओं ने पृथ्वी पर सदियों के प्राकृतिक विकास से पनपे पेड-पौधों व अन्य जीव जन्तुओं को बेहरमी से नष्ट किया है। आधुनिक तकनीक का उपयोग करके मानव ने प्रकृति को नियंत्रित किया है, लेकिन मानव और प्रकृति की लडाई मे जीत प्रकृति की होगी। प्रकृति सर्वोपरि है। अत: हमें अपने आवास के लिए अन्य जीव जन्तुओं के आवास को नही उजाडना चाहिए।

डॉ. सीमा सिंह को सम्मानित किया

भरतपुर (निस)। राजकीय कन्या महाविद्यालय उच्चैन में हिन्दी विषय में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ सीमा सिंह को आचार्य आदिसागर अकलीकर अंतर्राष्ट्रीय जाठाति मंच मुम्बई द्वारा आयोजित भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाण महोत्सव के पावन प्रसंग पर आयोजित भगवान महावीर अंतर्राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता में विशिष्ट स्थान प्राप्त करने पर अजमेर के किशनगढ में सम्मानित किया गया। उन्हें पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह, पचास ठाम चांदी का सिक्का, शॉल, प्रमाण पत्र, श्रीफल, माला, सुनील सागर महाराज, प्रणीत सत्साहित्य द्वारा सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक से प्रारंभ होकर निर्वाण महोत्सव तक आयोजित की गई। निबंध का विषय वर्तमान में महावीर स्वामी के सिद्वान्तों की प्रासंगिकता पर आयोजित की गई। प्रतियोगिता के प्रधान संयोजक डॉ आशीष जैन शाहगढ, सागर मुख्य समन्वयक दीपेश जैन बिंदायका जयपुर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सम्पूर्ण विश्व से अनेक भाषाओं में निबंध लेखन किया। हिन्दी, अंठोजी, संस्कृत, प्राकृत, कन्नड, मराठी, गुजराती जैपनीज, फ्रेंच आदि 10 भाषाओं में निबंध प्राप्त हुए। यह प्रतियोगिता तीन समूहों में आयोजित की गई। प्रथम समूह में स्कूल व कॉलेजों के विद्यार्थियों को सम्मिलित किया गया। जिनकी आयु सीमा 13 से 21 वर्ष की रही। द्वितीय समूह में 21 से 40 वर्ष तथा तृतीय समूह 40 वर्ष से अधिक आयु को सम्मिलित किया गया। डॉ सीमा सिंह ने इस भव्य समारोह में देश विदेश से सम्मिलित प्रतिभागियों के समक्ष महावीर स्वामी पर अपना आलेख व स्वरचित कविता का वाचन किया गया। जिसकी आयोजक मंडल ने भूरि भूरि प्रशंसा की।

धार्मिक आयोजन संस्कृति के संवाहक

डीग (निस)। भाईदूज के अवसर पर रविवार को ठाम पसोपा डीग में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज के एकता एवं वैचारिक सुदृढता के साथ संस्कृति से संवाद भी हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विरासत संरक्षण व संस्कृति के संरक्षण के लिए युवाओं को संकल्प लेने की आवश्यकता है। आधुनिक भारत के नवनिर्माण के लिए डीग और प्रदेश में अनुकूल सरकार है। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा बजट घोषणा 2024-25 में आमजन की हितकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए जवाहर बेढम ने कहा कि प्रदेश में अमन चैन शांति स्थापित हुई है जिसके कारण नागरिकों को राहत मिली है। उन्होंने सभा को बताया कि प्रदेश विकास के रास्ते पर तेज गति से आगे बढ़ रहा है। साथ ही विकसित भारत बनाने की संकल्पना पूरी हो इस दिशा में निरंतर देश और प्रदेश की सरकार दिन रात कड़ी मेहनत कर रही है।

भैरु बाबा मेला भारतीय संस्कृति की धरोहर, हतीजर में भैर बाबा मेला का शुभारम्भ

हलैना भरतपुर (निस)। भैर बाबा मेला कमेटी, ठाम पंचायत एवं सर्व समाज की ओर से गांव हतीजर स्थित भैर बाबा मन्दिर पर 786वां भैर बाबा मेला का शुभारम्भ सरपचं मीना गिर्राजसिंह डागुर ने किया। रिटायर्ड आईएएस महावीर सिंह, आर्मी के रिटायर्ड नायब सूबेदार दिलीप सिंह, मारुति कम्पनी के एमडी जगत सिंह अतिथि रहे। मेले में गांव हतीजर सहित कई गांवों के गणमान्य नागरिक, मेला कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे। उद्घाटन होते ही महिला-पुरूष व बच्चे पूजा-अर्चना तथा मेला का आनन्द लेने को उमड पडे।

जिन्होने भैर बाबा एवं अन्य देवी-देवताओं के जयकारे और महिलाओं ने लोकगीत व भजन पर जमकर ठुमके लगाए। देव उठावनी एकादशी-2023 से अब तक हुए युवक-युवती के विवाह एव जन्मे शिशु के परिवार के लोगों ने दर्शन कर भोग लगाए और घर-घर में पकवान बने। वक्ताओं ने कहा कि भैर बाबा मेला भारतीय संस्कृति की धरोहर है और भाईचारा व प्रेम का प्रतीक है। लोकदेवता की पूजा-अर्चना से परिवार का कल्याण होता है और सामुहिक आयोजन से समाज में भाईचारा व देशभक्ति की भावना कायम होती है।

भैर बाबा के प्रति सर्व समाज के लोगों में आस्था भरपूर है। मेला कमेटी अध्यक्ष गिर्राज डागुर व प्रवक्ता धनवीर डागुर ने बताया कि भैर बाबा मेला के अवसर पर महिला वर्ग की रंगोली सजावट, बच्चों की खेलकूद, पुरूष वर्ग की 1000 मीटर लम्बी दौड, सवा किमी लम्बी घोडी व ऊंट दौड प्रतियोगिताएं हुई। साथ ही गांव व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधी आदि का सम्मान किया गया। मेले में गांव हतीजर, झामरी, बडखेडा, न्यामदपुर, हन्तरा, अरोदा, धरसौनी, जीवद, अटारी, डहरा, गंगवाना, बछामदी, खेडली गडासिया, बेरी, ललिता मूडिया, नया बडखेडा, गोबरा, नगला कप्तान, नगला कटेरान, नगला चतरसाल, आजादपुरा, उच्चैन, हलैना, बयाना, नदबई तथा भरतपुर, डीग, धौलपुर, मथुरा, आगरा, सवाईमाधोपुर, गंगापुर आदि जिले के भैर बाबा के भक्तों ने भाग लिया। सरपंच मीना गिर्राज सिंह ने बताया कि मेला कमेटी व ठाम पंचायत के द्वारा मेले में आई किसी भी दुकानदार से भूमि का किराया नही वसूला और प्रशासन व गांव के लोगों के द्वारा सुरक्षा,पेयजल की सुविधाए मुहैया कराई गई।

युवाओं ने प्रतियोगिताए कराने में सहयोग प्रदान किया। मेला कमेटी,ठाम पंचायत व भामाशाहों के द्वारा पुंरूस्कार बांटे गए। मेले में दिलीप सिंह, राजेंद्र सिंह, धीरज सिंह उर्फ पिंटू, सतवीर, दलबीर सिंह, दयाराम सिंह, किशन सिंह, रणवीर उर्फ पप्पू, योगेंद्र उर्फ कल्लू, धर्मेंद्र सिंह, मिथलेश देवी, खुशबू, ईशा, वीरेंद्र सिंह उर्फ भूरा विश्वेन्द्र सिंह, प्रो धनवीर सिंह, जगत सिंह, धीरज सिंह, सत्सवीर सिंह, देवेन्द्र सिंह, साधना सिंह, शेर सिंह धरसौनी, हरप्रसाद धरसौनी, विजयपाल हन्तरा आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

मथा ठेकने आए नव विवाहित जोडा : गांव हतीजर सहित आसपास के कई गांवों से नव विवाहित जोडा,जिनका विवाह साल 2023 एवं 2024 में हुआ, वे भैर बाबा के मन्दिर आए। जिन्होने भैर बाबा के दर्शन किए और मथा ठेकने बाद पूजा-अर्चना की। साथ जिन परिवार में बच्चे का जन्म हुआ,वे परिवार बाबा की जात देने आए। गांव की अन्नु व खुशबू बताती है कि भैर बाबा के प्रति हिन्दु समुदाय के आस्था भरपूर है। ये महिला और मातृ भूमि के रक्षक थे। प्रो धनवीर डागुर बताते है कि भैर बाबा की पूजा-अर्चना और आस्था कायम रखने से सन्तान की प्राप्ति होती है और जिनके विवाह में रूकावट आ रही हो, तो उसका विवाह हो जाता है। सन्तान प्राप्ति व विवाह के बाद मन्दिर पर मथा ठेकने अवश्य आना पडता है।

रहट झूले का उठाया आनन्द : भैर बाबा मेले में भारी सख्यां में रहट-झूले आए और खिलौना, चाट-पकौडी, श्रृंगार व सजावट के सामान, कपडा आदि की दुकाने आई। ठामीणों ने रहट-झूले का आनन्द लिया और दुकानदारों से जमकर खरीददारी की।

दो मंजिला कपडा शोरूम की दुकान में आग से लाखों का नुकसान

भरतपुर (निस)। कोतवाली थाना क्षेत्र में देर रात उस वक्त हंगामा मच गया। जब रेलवे स्टेशन के पास रेल पुलिस चौकी के सामने बजरिया में स्थित कपडों के दो मंजिला शोरूम में आग लगती देखी। देखते ही देखते आग पूरे शॉरूम में पंहुच गई और शॉरूम के ऊपर व्यापारी मुरारी और रवि के निवास में भी पंहुच गई। अचानक आग लगने से आस पास अफरातफरी मच गई। लोगों ने घटना की सूचना दुकान मालिक रवि गोयल और मुरारी, पुलिस और दमकल विभाग को दी।

घटना की जानकारी मिलने पर नगर निगम की आधा दर्जन दमकल गाडियां मौके पर `पहुच गई लेकिन नगर निगम की दमकले ज्यादातर खराब पडी हैं दो तीन दमकल मौके पर थी जब आग ने विकराल रूप लिया तो कुम्हेर, उच्चैन सहित बाहर की नगर पालिकाओं से दमकल गाडियां बुलाई गई करीब 15 दमकलों ने 6 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना की सूचना मिलने पर नगर निगम के आयुक्त श्रवण कुमार एवं भाजपा के जिला महामंत्री एवं व्यापारी नेता बृजेश अठावाल सहित अनेक प्रमुख लोग भी मौके पर पंहुचे।

घटना रेलवे स्टेशन के पास बजरिया के पास की है। जहां मुरारी लाल एण्ड ब्रदर्स के नाम दो मंजिले कपडे की दुकान है। यह दुकान करीब 40 साल पुरानी है। दुकान मालिक मुरारी लाल ने बताया कि कल वह गोवर्धन पूजा के बाद दुकान के ऊपर बने घर में सोने चले गए। रात करीब साढे बारह बजे उनके पास फोन आया कि दुकान में आग लगी हुई है। जिसके बाद दुकान मालिक अपने परिवार के साथ नीचे आया और दुकान की शटर को खोला गया। दुकान के अंदर आग की लपटे निकल रहीं थी। जिसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। जिसके बाद करीब एक दर्जन दमकल गाडियां ने करीब 6 घंटे की कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दुकान के अंदर रखे सारे कपडे जलकर राख हो गए। इस घटना में दुकान मालिक को लाखों रूपये का नुकसान होना माना जा रहा है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

डायलिसिस मशीन का किडनी पीडित मरीजों को नहीं मिल रहा लाभ

गंगापुर सिटी । जिला अस्पताल में किडनी फेल्योर और संक्रमण के मरीजों को राहत देने के लिए प्रदेश स्तर पर करीब 364 डायलिसिस की मशीन आठ माह पूर्व 38 करोड 57 लाख रुपए से खरीद की गई थी। 4 महीने पहले इनमें से दो मशीन गंगापुर पहुंच चुकी, लेकिन दोनों मशीनी अनुपयोगी साबित हो रही है। हालांकि गंगापुर सिटी के जिला अस्पताल में चार माह पूर्व दो आई और डायलिसिस तो इन्स्टॉल हो चुकी है, लेकिन सरकार के आदेश न मिलने के कारण अभी तक इनका उपयोग शुरू नहीं हुआ है। हैरत की बात है कि मशीनें अभी तक खुली तक नहीं। बता दे कि डायलिसिस करने के लिए टेक्निकल स्टाफ और डायलिसिस बेड की जरूरत होती है। इनमें से अस्पताल में एक भी डायलिसिस बेड नहीं है, जिससे किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों का इलाज किया जा सके। परेशानी यह है कि गंगापुर सिटी जिला अस्पताल से मरीजों और उनके परिजनों को जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में जाने को मजबूर होना पड रहा है। हालांकि निजी अस्पतालों में एक बार डायलिसिम के 45०० रुपए तक लेते है। मरीजों को हर सप्ताह तीन डायलिसिम की आवश्यक होती है। ऐसे में एक सप्ताह के 12,5०० रुपए खर्च करने पडते है। हालांकि पूर्व कांग्रेस की सरकार ने जिला स्तर पर डायलिसिम की सुविधा हो, इसके लिए सरकार ने 364 मशीनें खरीदी थी। जिसमें दो गंगापुर सिटी जिला अस्पताल में भेजी गई है। हालांकि दोनों मशीनों को इंस्टॉल हो चुकी है, लेकिन जिला अस्पताल प्रशासन को प्रदेश सरकार के आदेश के मिलने का इंतजार है। हालांकि मशीन को चलाने के लिए टेंडर भी हो गए है। मशीन शुरू होने के बाद डायलिसिस सेटर में टेक्नीशियन ,सफाई कर्मचारी, एक स्पेशलिस्ट और एक मेडिकल स्पेशलिस्ट होंगे।

पानी के मुद्दे पर 6 को होगी रूपवास क्षेत्र में सभाऐं

भरतपुर (निस)। पाँचना बाँध के पानी का बँटबारा करने तथा बाणगंगा नदी को गम्भीर से जोड़ने तथा ईआरसीपी पर शीघ्र कार्य आरम्भ कर भरतपुर और डीग जिले में प्रथम चरण में पानी लाने की माँग को लेकर किसान संघर्ष समिति द्वारा 6 नवम्बर को रूपवास क्षेत्र के गाँवों में सभाऐं आयोजित होगी। किसान नेता और पूर्व जिला पार्षद इन्दल सिंह जाट ने बताया कि पानी के मुद्दे पर होने बाली सभाऐं 6 नवम्बर को 11 बजे दाहिना गाँव व दोपहर 2 बजे ठाम दौरदा में होगी। जिनमे आसपास के निकटवर्ती गाँवों के लोग भी हिस्सा लेगे। इन सभाओं को समाजवादी शताब्दी पुरुष से सम्मानित पूर्व सांसद पंडित रामकिशन, रूपवास के पूर्व प्रधान सालीठाम शर्मा, किसान नेता इन्दल सिंह जाट, जागरुक किसान हरभान सिंह परमार मुख्य रूप से संवोधित करेंगे।

भाईदूज का पर्व मनाया, तिलक कर की भाईयों की लम्बी उम्र की कामना

गंगापुर सिटी । जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली के पांच दिवसीय महापर्व के अंतिम दिन रविवार को भाई दूज का पर्व मनाया गया। इस मौके पर जिलेभर में बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी और भाई की लम्बी उम्र की कामना की। इसके बाद भाइयों ने बहनों को उपहार स्वरूप रुपए, कपडे और अन्य सामान दिया। भाई दूज के पर्व पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से भाईदूज मनाकर कहानी सुनी। मोहल्ले की बुजुर्ग महिलाओं ने भाईदूज की कहानी सुनाई। इसके बाद बहनों ने घर जाकर भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु की कामना की और भाईदूज का पर्व मनाया। वहीं बदले में भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट किए। इसके साथ ही जिलेभर में दीपावली के पांच दिवसीय महापर्व का भी समापन हो गया। दीपोत्सव के अंतिम दिन भी बाजारों में भीड रही और लोगों ने अपनी जरूरत की चीजों की खरीददारी की।

भाई दूज पर अपने भाई के तिलक करती नन्ही सी बहिन।

सार-समाचार

सैनी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने वैभव गहलोत से की मुलाकात

भरतपुर, (निस)। सैनी समाज के जिला अध्यक्ष रामेश्वर सैनी पार्षद के नेतृत्व में सैनी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने आरसीए के पूर्व अध्यक्ष वैभव गहलोत से जयपुर आवास पर पहुंचकर दीपावली की शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की। जिला अध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने गहलोत को दुपट्टा एवं माला पहनकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने 3 जनवरी 2025 को देश की प्रथम महिला शिक्षाका मां सावित्रीबाई फुले के जन्म दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र दिया। वैभव गहलोत ने भरतपुर में कार्यक्रम शामिल होने को कहा। इस मौके पर पूर्व पार्षद नारायण प्रसाद सैनी, शुभम सैनी, लोकेश सैनी, टीटू सैनी, राहुल सैनी, विनोद प्रजापति, गोविंद बंसल, गोपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

दीपावली भाई दौज पूजन कार्यक्रम

भरतपुर (निस)। चित्रगुप्त मंदिर खिरनी घाट भरतपुर द्वारा मंदिर प्रांगण में यमद्वितीया (भाई दोज) का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर महिला सन्त रानी बहनजी द्वारा श्री चित्रगुप्त भगवान की कथा सुनाई गई एवं कलम दवात का पूजन विधि विधान से सुनील कुमार सक्सैना की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के अन्त में महाआरती कर मंदिर प्रांगण में उपस्थित समस्त चित्रांशों को प्रसाद एवं पूजन किये गये पेन वितरित किये गये। इस अवसर पर डॉ. उमेश भारतीय, नगेन्द्र सक्सैना, दिनेश बाबू, अमित सक्सैना, हेमेन्द्र, दिनेश, अशोक, सुनील श्रीवास्तव, धीरज सक्सैना, कार्मिक, श्रीमति कल्पना, श्रीमति संतोष, श्रीमति आकांक्षा, वंश, आर्यन, शिम्मी, दिव्यांश, इशिका आदि काफी संख्या में चित्रांश उपस्थित हुए। संचालन नगेकन्द्र सक्सैना कोषाध्यक्ष द्वारा किया गया।

निर्वाण दिवस पर मंदिरों में चढाया लड्डू

करौली, (नि.स.) 24वें जैन तीर्थंकर भगवान महावीर के निर्वाण दिवस पर जैन मंदिरों में निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया। इस दौरान करौली में चातुर्मास कर रही शासन वल्लभा देवेंद्र श्रीजी महाराज कि शिष्या शासन ज्योति महाराज के सानिध्य में अनंत लब्धि निधान गौतम गणधर का केवल्य ज्ञान महोत्सव आयोजित किया गया। शासन ज्योति महाराज के सानिध्य में प्रात: 4:00 बजे से बड़ा बाजार स्थित पल्लीवाल जैन मंदिर में विशेष पूजा शुरू हुई। महोत्सव के तहत 51 किलो चावल का स्वास्तिक बनाकर 27 किलो का लड्डू चढ़ाया। शासन ज्योति महाराज ने मंत्रोच्चारण के बीच संगीत मय पूजा कराई। जैन श्रावक,श्राविकाओं ने भक्ति भाव से पूजा अर्चना की। भगवान महावीर के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने निर्वाण लाडू चढ़ाया। शासन ज्योति महाराज ने सप्त स्मरण और गौतम रास का वाचन किया। महाराज ने कहा कि अनंत लब्धि निधान गौतम गणधर को उनके ज्ञान और भक्ति भाव से ही केवल्य ज्ञान हुआ था। उन्होंने जैन धर्मलंबियों को भक्ति भाव से धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। साध्वी शासन ज्योति महाराज ने कहा कि आज से ही जैन धर्म में नव वर्ष की शुरुआत होती है। इस अवसर भारी संख्या मे जैन श्रावक श्राविकाए उपस्थित रही।

श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ 6 से

करौली । करौली की शिव कॉलोनी में 6 नवंबर से श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का धूमधाम के साथ आयोजन किया जाएगा। करौली की शिव कॉलोनी निवासी सहायक प्रशासनिक अधिकारी पुष्पेंद्र शर्मा एवं उनके परिवार कि ओर से 6 से 13 नवंबर तक श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा भारद्वाज पचैरी परिवार के पुष्पेंद्र भारद्वाज, कल्पना भारद्वाज, प्रवीण शर्मा,शौर्य प्रिंसी प्रवीण,विजेयता, युग,लक्षिका एवं कार्यक्रम कि आयोजक श्रीमती रमा शर्मा ने बताया कि बुधवार 6 नवंबर को गणेश पूजन के साथ श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व गौमती कॉलोनी स्थित आश्रम से विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा जो कलश यात्रा प्रमुख मार्गो से होते हुए कार्यक्रम स्थल निज निवास 'ाव कॉलोनी पहुंचेगी उन्होंने बताया कि इसके अलावा 24 अवतार वर्णन,कपिल देवहुति संवाद ध्रुव प्रहलाद चरित्र,श्री कृष्ण जन्मोत्सव,नंदोत्सव एवं राम चरित्र रविवार 10 नवंबर को बाल लीला एवं गोवर्धन पूजा,कृष्ण रुक्मणी विवाह,सुदामा चरित्र के साथ 13 नवंबर तक कई कार्यक्रम आयोजित होंगे उन्होंने बताया कि कथा का वचन आचार्य मदन मोहन व्यास द्वारा प्रात: 12:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक किया जाएगा।

भगवान ने जीमी कढी , चावल की प्रसादी

करौली । गोवर्धन पूजा के बाद से मंदिरों में अन्नकूट प्रसादी का आयोजन शुरू हो चुका है इसी कडी में करौली शहर के गोपाल जी मंदिर में अन्नकूट प्रसादी का भोग लगाते हुए भक्तों को पंगत में बैठाकर प्रसादी ग्रहण कराई। करौली जिला मुख्यालय पर मदन मोहन जी मंदिर के निकट गोपाल जी महाराज के मंदिर में अन्नकूट प्रसादी कार्यक्रम का आयोजन किया गया मंदिर के पुजारी विष्णु शर्मा ने बताया कि भगवान को आकर्षक पोशाक पहनाकर विशेष पूजा अर्चना करते हुए पूरे मंदिर को सुगंधित पुष्पों से सजाते हुए फूल बंगला की झांकी सजाई । ब,बाजारा,चपाती विभिन्न प्रकार के मिष्ठान के अलावा ऋतु फल का भोग लगाते हुए भक्तों को पंगत में बैठाकर अन्नकूट कि प्रसादी ठाहण कराई इस अवसर पर देवस्थान विभाग के निरीक्षक पुष्पेन्द्र कुमार चतुर्वेदी सहित करौली शहर के प्रमुख लोग और भारी संख्या में भक्तों ने गोपाल जी महाराज के दर्शन कर मनौती मांगी इस दौरान अन्नकूट प्रसादी का भी वितरण किया गया।

नमक कटरा में भव्य गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम संपन्न

भरतपुर (निस)। नमक कटरा नवयुवक मंडल भरतपुर की ओर से दस दिवसीय श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम के पश्चात धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को श्री गोवर्धन महाराज की पूजा का भव्य कार्यक्रम गणेश महोत्सव स्थल पर आयोजित किया गया। मण्डल स्तर से प्राप्त समाचार अनुसार नमक कटरा नवयुवक मण्डल भरतपुर के समस्त कार्यकर्ताओं के द्वारा सवा ग्यारह फुट के गोवर्धन महाराज की भव्य श्रृंगार सहित स्थापना की गई। तत्पश्चात् शाम को नमक कटरा क्षेत्र के सैकड़ों माता-बहिनों, बुजुर्गों और भक्त जनों ने गिर्राज महाराज की भव्य पूजा अर्चना, आरती कर सुंदर भजनों के साथ श्री गिर्राज महाराज का आशीर्वाद लिया और सम्पूर्ण भरतपुर क्षेत्र तथा परिवार में सुख-शांति और आरोग्य रहने की कामना की। कार्यक्रम में नमक कटरा नवयुवक मंडल के राजू मेंबर, राधेश्याम गुप्ता, बिजेंद्र मीणा, राजू टीवी वाले, राजीव अठावाल, पवन बंसल, धीरज लवानिया, नवीन कुमार बंसल, गौरव फौजदार, पवन डेयरी वाले, तरविंदर सलूजा, शिवम जिंदल, मनोज अठावाल, मोंटू अठावाल, सुधांशु गौड़, जितेंद्र गोयल, वैभव उपमन, सुरेश माथुर, भूपेंद्र मीणा, सागर, नैमी पेंटर आदि ने अपना विशेष सहयोग दिया।

बॉक्सिंग प्रतियोगिता का ट्रायल के आधार पर किया जायेगा चयन

करौली(नि.स.) आगामी 5 नवंबर को राजकीय महाविद्यालय करौली में जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता चयन ट्रायल के आधार पर सीनियर टीम का चयन किया जाएगा जिसमें 1 जनवरी 1984 से 31 दिसंबर 2005 के साल मे जन्म के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जो जो विजेता खिलाड़ी 8 से 10 नवंबर तक कोटा में आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। बॉक्सिंग एसोसिए'ान से जुडे दारा सिंह मीना ने बताया कि खिलाडी का वजन वर्ग 46 से 51, 51 से 54, 54 से 57, 57 से 60, 60 से साडे 63, साडे 63 से 67, 67 से 71, 71 से 75, 75 से 80, 80 से 85, 85 से 92, व 92 प्लस वजन वर्ग में खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जो रविवार शाम तक अपनी प्रविष्टियां जो खिलाड़ी भाग लेंगे दूरभाष पर सचिव जिला मुक्केबाजी संघ मौसम मीणा को दे सकते हैं उन्होने बताया कि सभी खिलाड़ी अपने ओरिजिनल डॉक्यूमेंट साथ में मूल निवास, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, दसवीं की अंक तालिका, दो पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक की पासबुक अध्यक्ष जिला मुक्केबाजी संघ करौली अखिलेश गर्ग को जमा करादे।

पेंशनर समा